Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title: Need to provide special package to Rajasthan as per Gadgil Formula.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामला उठाने जा रहा हूं।

योजना आयोग द्वारा राज्यों को योजना सहायता गॉडगिल फॉर्मूले के आधार पर दी जाती है परन्तु योजना आयोग प्रत्येक राज्य को दी जा रही सहायता का प्रतिशत भाग स्पट नहीं करता है और न ही उपरोक्त फॉर्मूले के प्रत्येक घटक का प्रतिशत भाग। राज्यों को योजना के लिये दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता में निरंतर कमी हो रही है और राज्यों को किसी भी तरह की विशेा केन्द्रीय सहायता अथवा विशेा योजना सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई है। राजस्थान राज्य में इस समय बाड़मेर और जैसलमेर में बाढ़ का पानी अभी तक भरा होने के कारण वहां का जन-जीवन दुखी है। केन्द्रीय अध्ययन ल की सिफारिश के बाद भी धनराशि नहीं दी है। राजस्थान सरकार निरन्तर प्रयत्न कर रही है, परन्तु जमीन के नीचे खान होने के कारण सफलती नहीं मिल रही है। धन का अभाव है और राजस्थान के पूर्वी जिलों में विशेाकर जयपुर संसदीय क्षेत्र में पानी का स्तर नीचे चले जाने के कारण पेयजल का संकट बहुत अधिक बढ़ गया है और अभी से सर्दी के मौसम में पानी के लिये त्राहि-त्राहि होने लगी है, गर्मियों में क्या होगा. उस समय भगवान मालिक होगा।

इसलिये मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि गाडगिल फॉर्मूले के तहत और विशेा केन्द्रीय सहायता अथवा विशेा योजना सहायता स्पेसल पैकेज के रूप में राजस्थान को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही बाड़मेर और जैसलमेर जिलों के लिये विशेा सहायता दें और जयपुर संसदीय क्षेत्र के लिये अतिरिक्त धन उपलब्ध कराया जाये.।

अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया, उसके लिये आपका आभारी हू।